

## एक नजर में

### उमराह जाने पर शहर काजी ने किया स्वागत



**देवास।** हनीफ खान अशरफी के उमराह के मुकद्दस सफर पर जाने पर शहर काजी देवास सीनियर नोमान अहमद अशरफी ने साफा बांधकर और पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर मुफ्ती जरीफ अहमद अशरफी, काजी हुसैन अहमद अशरफी, हाफिज आशिक हुसैन अशरफी, सीरत कमेटी अध्यक्ष शकील पठान, मौलाना आजम, सईद खान अशरफी, राजा कुरैशी, गुड्डू पटेल, डॉ. फहीम अहमद अशरफी, कासिम अहमद अशरफी उपस्थित थे। सभी ने मुबारकबाद दी।

### विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान




**कन्नौद।** श्री बालाजी एकेडमी में सीनियर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों के योगदान को याद करते हुए उनके मार्गदर्शन और शिक्षा को अपने जीवन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। विद्यालय के डायरेक्टर गोविंद गर्ग एवं प्राचार्य श्रीराम बैरागी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया।

### टोल प्लाजा पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रुति बघेल का हुआ स्वागत



**भौंरासा।** जिला महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रुति बघेल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए देवास जाते समय भौंरासा टोल प्लाजा पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव इरफान मदनी ने अपने साथियों के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर इरफान मदनी ने कहा कि श्रुति बघेल के नेतृत्व में देवास जिला महिला कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य होगा। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना की। स्वागत कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष बाबर चिश्ती, जमिल कुरैशी बड्डू, राजा मंसूरी, सद्दाम खान, बिलाल मंसूरी, इरशाद खान के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक बच्चों को करुणा, स्नेह और उपयोगी संस्कार से सुशोभित करें

पुष्पगिरि में हुआ शिक्षकों का सम्मान



**सोनकच्छ।** मां भारती का सम्मान होना चाहिए और नित्य वंदे मातरम् गान होना चाहिए। कॉलेज समय में मेरे पास पैसा नहीं था, तब मेरे गुरु एसके माथुर ने पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाया और उसमें कुछ पैसे डाले। कहा जब भी पढ़ाई में जरूरत पड़े निकाल लिया करना। माथुर सर मेरे टीचर नहीं मेरे भगवान थे। आज मेरी किस्मत खुल गई जब उस समय के बाद पहली बार मैंने उन्हें देखा। यह बात रविवार को अंतर्मना धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में पुष्पगिरि तीर्थ प्रणेता गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज ने अपने सांसारिक जीवन के गुरु एसके माथुर के लिए उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच कही। उन्होंने आज की शिक्षा प्रणाली के लिए टीचर्स से कहा कि आज शिक्षक सूट-बूट-टाई पहनकर शिक्षा के मंदिर में जूते पहनकर जा रहे हैं। अगर विद्या के मंदिर में सामान्य वस्त्र को पहनकर जाए और जूते-चप्पल को बाहर उतारकर बच्चों को करुणा, स्नेह और उपयोगी संस्कार से सुशोभित करें तो फिर इस दुनिया में रामकृष्ण, महावीर जैसे महापुरुषों का जन्म होगा। इसी कड़ी में गणाचार्य के सांसारिक जीवन के गुरु एवं मुख्य वक्ता एसके माथुर ने कहा कि 16 वर्ष की उम्र में सुशील जी के संपर्क में आया। वे मेधावी छात्रा थे। उन्होंने एक बार में डिप्टी कलेक्टर की एक्जाम पास की। मैं अपने सांसारिक शिष्य जो अब गणाचार्य पुष्पदंत सागरजी महाराज है, उनकी फोटो अपनी जेब में हमेशा रखता हूं। उनके शिष्य प्रसन्न सागर को भी 2 वर्ष की उम्र में गोद में खिलाया। दोनों को देखकर मन आनंदित हो गया। मैंने सांसारिक जीवन में उन्हें सत्य बोलने व हमेशा धैर्य रखने की शिक्षा प्रदान की है। उन्होंने उपस्थित सरस्वती पुत्र पुत्रियों से कहा कि सभी के प्रति आदर का भाव व अपने परिवार के प्रति अच्छा व्यवहार करें। अंतर्मना संघ प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंगलाचरण मुनि नेगम सागर महाराज व दिशी जैन ने किया। जैनाचार्य पुष्पदंत सागर के शिक्षक गुरु अतिथि एसके माथुर का पुष्पमाला, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। प्रशस्ति का वाचन पट्ट विभूषण पट्टाचार्य प्रसन्न सागर महाराज ने किया। योगेश शर्मा संगठन मंत्री, विष्णु आर्य वरिष्ठ व्याख्याता, सतीशचंद्र तिवारी वरिष्ठ शिक्षक, प्रतिभा शर्मा शिक्षाविद, सुनीता गोधा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आदि का सम्मान विधायक डॉ. राजेश सोनकर, पुष्पगिरि सचिव सुभाष जैन ट्रस्टी, अशोक दोषी, आकाश जैन आदि ने किया। समारोह में आए सभी शिक्षकों का सम्मान ट्रस्ट समिति द्वारा तिलक कर दुप्पटा पहनाकर किया गया। स्मृति स्वरूप बैग, कलम व मिठाई भेंट की गई। इस अवसर पर पट्टाचार्य प्रसन्न सागर ने कहा कि जीवन को सही ट्रैक पर लाने वाले सबसे बड़े शिक्षक कौन हैं, जो विधार्थी को समुद्र में फेंक दे, फिर उसे वहां से निकालकर पहाड़ पर बैठा दे, और अंततः अनन्त आकाश में उड़ने को मजबूर कर दे वही मेरा शिक्षक है। उन्होंने कहा कि एक साल की सोच हो तो बीज बोइए। दस साल की सोच हो तो पेड़ लागाइए। सौ साल की सोच हो तो शिक्षक बन जाइए। एक विद्यार्थी ने इस उम्र में आकर अपने गुरु का सम्मान किया, यह दृश्य और सम्मान किसी नोबल पुरस्कार से कम नहीं है। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि संतों का समागम पुण्य से मिलता है। दुनिया के सभी शिक्षकों का पुण्य आपके जैसा हो मैं यह कामना करता हूं। आज का यह सम्मान देखकर एक बात यहां से लेकर जाओ, जीवन में उपकारी का उपकार कभी मत भूलना। सौम्य मूर्ति मुनि पीयूषसागर ने कहा कि एआई जानकारी दे सकता है संस्कार नहीं। वो अहिंसा और संस्कार का मार्ग नहीं पढ़ा सकता है।

## सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग की रोकथाम के प्रयास

**देवास।** कृषि विज्ञान केंद्र देवास एवं कृषि विभाग ने विकासखंड खातेगांव अंतर्गत ग्राम सुकरास, ओलंबा, भवरास, सुकरदी, मनोरा, आमला एवं विक्रमपुर में संयुक्त रूप से खेतों का भ्रमण कर सोयाबीन फसल की स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्र में सोयाबीन फसल में कहीं-कहीं पीला मोजेक रोग के लक्षण पाए गए। इस संबंध में उप संचालक कृषि ज्ञानसिंह मोहनिया ने कृषकों को रोग के प्रसार को रोकने के लिए खेतों की नियमित निगरानी करने तथा रोग फैलाने वाली सफेद मक्खी के नियंत्रण की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सफेद मक्खी के नियंत्रण हेतु थायोमेथाक्जाम 25% डब्लू की 125 ग्राम मात्रा अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एसएल की 125 मिली मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से अनुशंसित तरीके से छिड़काव किया जा सकता है। । कृषि विज्ञान केंद्र देवास के वैज्ञानिक डॉ. महेंद्रसिंह एवं डॉ. अरविंदर कौर, सहायक संचालक कृषि लोकेश गंगराडे, एनएस गुर्जर तथा कृषि विस्तार अधिकारी दिलीप मीणा, दिनेश पंवार सहित कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषक उपस्थित रहे। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र ने कृषकों से अपील की है कि वे सोयाबीन फसल का नियमित निरीक्षण करें।

# लोहारदा वार्ड-10 उपचुना नई कांग्रेस कार्यकारिणी की पहली अग्निपरीक्षा

**लोहारदा।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 10 में होने जा रहे उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के लिए यह चुनाव अपनी-अपनी पकड़ और संगठनात्मक ताकत दिखाने का मौका बन गया है। वहीं कांग्रेस के भीतर भी नई कांग्रेस कार्यकारिणी और पुराने संगठन के बीच वर्चस्व की चर्चाएं राजनीतिक गलियारों में जोर पकड़ रही हैं। एक ओर जहां नई कांग्रेस कार्यकारिणी के युवा जोश, मेहनत और सक्रियता की यह पहली बड़ी अग्निपरीक्षा मानी जा रही है, वहीं पूर्व में कांग्रेस इस वार्ड से कोई ऐसा मजबूत उम्मीदवार नहीं तलाश पाई थी जो चुनावी मुकाबले को निर्णायक रूप से अपने पक्ष में कर सके। पिछले चुनावों से वार्ड क्रमांक 10 में कांग्रेस का पार्षद नहीं बन पाया है। ऐसे में अब सभी की निगाहें कांग्रेस के नए संगठन पर टिकी हैं। राजनीतिक चर्चाओं में यह भी माना जा रहा है कि नई कांग्रेस कार्यकारिणी के पास इस उपचुनाव के जरिए अपनी संगठनात्मक क्षमता साबित करने का बड़ा अवसर है। यदि पार्टी इस वार्ड में जीत हासिल करती है तो यह नई टीम के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी और संगठन के भीतर उसके वर्चस्व को भी मजबूती मिलेगी।

**2027 के चुनाव से पहले सेमीफाइनल:** इस उपचुनाव को लेकर एक और महत्वपूर्ण चर्चा राजनीतिक गलियारों में है। आगामी नगरीय निकाय चुनाव जून 2027 के आसपास होने की चर्चाएं हैं। ऐसे में वार्ड-10 के उपचुनाव के बाद निर्वाचित होने वाले पार्षद को लगभग 6 से 9 महीने का ही कार्यकाल मिल पाएगा। ऐसे में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि दोनों राजनीतिक दल इस सीमित अवधि वाले पार्षद पद के लिए पार्टी स्तर पर कितना जोर लगाते हैं या फिर दोनों दल अपना वास्तविक दमखम आगामी 2027 के नगरीय निकाय चुनावों में ही दिखाएंगे।

**परिषद के समीकरण पर भी पड़ेगा असर:** नगर परिषद लोहारदा में वर्तमान में भाजपा और कांग्रेस के 7-7 पार्षद हैं, जबकि एक निर्दलीय पार्षद भी परिषद में है।

### 8 सितंबर से नामांकन, 29 सितंबर को मतदान

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी 8 से 15 सितंबर तक नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। 16 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि अभ्यर्थी 18 सितंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। वार्ड में 29 सितंबर को मतदान होगा और 3 अक्टूबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। फिलहाल लोहारदा में चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म है। संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर अटकलें तेज हैं और दोनों दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुट गए हैं।

# श्रुति बघेल ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण का पद ग्रहण किया, नगरवासियों ने किया स्वागत




**सोनकच्छ।** नगर की संभ्रांत परिवार की बहु श्रुति बघेल सोनकच्छ नप की अध्यक्ष है। उन पर इंडियन नेशनल कांग्रेस ने विश्वास जताते हुए उन्हें देवास जिला कांग्रेस ग्रामीण का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है। बघेल रविवार को निज निवास से खुली गाड़ी में सवार होकर देवास जिला कार्यालय पर पदभार ग्रहण करने के लिए निकली। नगर में रास्तेभर नगरवासियों ने उनका स्वागत किया। बघेल ने समाज के आदर्श वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बघेल भोपाल-देवास हाईवे से होती हुई जिला कार्यालय पहुंची। जहां हाईवे पर भी उनका रास्तेभर स्वागत किया गया। बघेल के साथ उनके पति पार्षद कृष्णपालसिंह बघेल उपस्थित थे। उन्होंने नगरवासियों व स्वागतकर्ताओं का अभिवादन किया। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बौरासी भी जुलूस में शामिल रही। बता दें कि, श्रुति बघेल पूर्व विधायक व कद्दावर नेता राजेंद्रसिंह बघेल की छोटी पुत्रवधु है। सोनकच्छ नप कांग्रेस पार्टी के पार्षद कम होने के बावजूद कांग्रेस की परिषद बनाकर स्वयं नप अध्यक्ष बनी है।

## जन्माष्टमी पर गोशाला में गूंजा गोसेवा का संदेश, विधि-विधान से किया गोपूजन

**देवास।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय गोवंश के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए गोशाला में गोपूजन किया गया। जन अभियान परिषद की तपस्या लोक कल्याण समिति बरोठा सेक्टर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से गौमाता का पूजन किया और उनकी सेवा-संरक्षण का संदेश दिया। ग्राम पंचायत के सचिव रामबाबू पाटीदार, कृषिका राजपूत एवं समिति के सदस्यों ने गुरु गंगादास गोशाला पहुंचकर गौमाता का पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गोमाता को पूजन सामग्री अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गोसेवा और गोप्रेम से जुड़ा रहा है। जन्माष्टमी केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि गोमाता के संरक्षण और सेवा का संकल्प लेने का भी पर्व है। समाज को गोवंश के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए और बेसहारा गोवंश की सेवा को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोशालाएं केवल गोवंश को आश्रय देने का स्थान नहीं.



## एक नजर में

### वाल्मिकी समाज ने मनाई गोगा नवमी



**शाजापुर, 6 सितंबर.** वाल्मीकि समाज द्वारा शनिवार देर रात गोगा नवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया. गोगादेव महाराज के जन्मोत्सव पर शहर में गाजे.बाजे और ढोल ढमाकों के साथ पांच परंपरागत छड़ियां का जुलूस निकाला गया. समाज के लोग अपने अपने मोहल्लों से छड़ी निशान लेकर जुलूस में शामिल हुए, जुलूस में घोड़े भी थे, जिन्होंने नाचकर लोगों का ध्यान खींचा. यह जुलूस शहर के कई मोहल्लों और खास रास्तों से होकर आजाद चौक बाजार पहुंचा. यहां समाज के बड़े बुजुर्गों का सम्मान किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे. जुलूस में शामिल श्रद्धालू भक्ति गीत गाते और जयकारे लगाते हुए गोगादेव महाराज की पूजा करते हुए आगे बढ़ रहे थे. पूरे कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह का माहौल था, इसके बाद सभी पांच छड़ियां एक साथ चीलर नदी पहुंची. यहां समाज के लोगों ने गोगादेव महाराज की विधि विधान से पूजा की. श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की. पूजा के बाद परंपरा के हिसाब से छड़ियों का विसर्जन किया गया, इसी के साथ गोगा नवमी के मुख्य कार्यक्रम का समापन हुआ.समाज के संजय गिरजे ने बताया कि वाल्मीकि समाज में गोगा नवमी की खास धार्मिक और सामाजिक परंपरा है. गोगा नवमी से पहले समाज के लोग करीब 40 दिन तक नंगे पैर रहकर उपवास करते हैं और गोगादेव महाराज की उपासना करते हैं. इस दौरान ज्योत जलाकर छड़ी की पूजा की जाती है. परंपरा के अनुसार गोगादेव महाराज की छड़ी को घर घर ले जाया जाता है. श्रद्धालु अपने घर पर छड़ी की पूजा करके गोगादेव महाराज से परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हैं .वाल्मिकी समाज द्वारा गोगा देव जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकले जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया. आजाद चौक में भी सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं.आशीष नागर के नेतृत्व समाज के वरिष्ठों का सांफा बांधकर स्वागत किया गया. इसके बाद छड़ियों का भी पूजन किया गया. इस अवसर पर समिति के महासचिव मनीष सोनीएदशहरा उत्सव समिति संयोजक दीपक निगम, दिलीप सिन्दल, राजेश पारछे, राहुल परमार, अतुल पालीवाल, महेश गवली, विष्णु गवली, अनिल मालवीय, जलज ठाकुर, सतीश राठौर, अजय चंदेल, शिवाजी सोनी, बंटी गवली सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे.

# छठवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

▸ मांगो के निराकरण तक आंदोलन जारी रखने की कही बात




**शुजालपुर, 6 सितंबर. किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को छठवें दिन भी नई तहसील परिसर में जारी रहा. किसानों की प्रमुख मांगों में वर्ष 2025 की फसल बीमा राशि का भुगतान कराने तथा नर्मदा सिंचाई परियोजना से छूटे गांवों को परियोजना से जोड़ना शामिल है.**

धरने में किसानों ने कहा कि फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं होने से किसान आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं. वहीं नर्मदा सिंचाई परियोजना में क्षेत्र के छूटे गांवों को शामिल करने की मांग भी लंबे समय से उठाई जा रही है. किसानों ने दोनों मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रखने की बात कही. भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के हक और अधिकार के लिए संगठन का आंदोलन जारी रहेगा, धरने में किसानों ने एकजुटता के साथ अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की.

## युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**आगर मालवा, 6 सितंबर.** जिले के ग्राम तनोडिया के पाटीदार मोहल्ले में शनिवार रात 25 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान संदीप पाटीदार पिता कमल पाटीदार के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में सनसनी फैल गई. परिजनों ने घर का दरवाजा खोलकर देखा तो संदीप मृत अवस्था में मिला.सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए आगर जिला अस्पताल भेजा. रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद युवक की अंतिम यात्रा निकाली गई और दाह संस्कार किया गया. चौकी प्रभारी कमलसिंह राठौड़ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. जांच के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो सकेगा.

# घर में सो रहे थे दंपती, अलमारी का लॉक तोड़कर जेवर-नकदी चोरी

**शुजालपुर, 6 सितंबर. मंडी थाना क्षेत्र के महुघाट गांव में घर में सो रहे दंपती के कमरे से अज्ञात बदमाश सोने के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए, वारदात का पता रात करीब 3 बजे चला, जब कमरे में आहट सुनकर दंपती की नींद खुली. कमरे में रखी गोदरेज खुली मिली और उसकी दराज में रखा सामान गायब था.**

पुलिस के अनुसार महुघाट निवासी 40 वर्षीय भगवत सिंह परमार खेती-किसानी करते हैं. उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि 4 सितंबर की रात करीब 10 बजे वे पत्नी के साथ मकान के नीचे वाले कमरे में सो रहे थे. रात करीब 3 बजे कमरे में कुछ आहट सुनाई देने पर दोनों जागे और लाइट जलाकर देखा तो गोदरेज का गेट खुला हुआ था. जांच करने पर गोदरेज की दराज में रखी पत्नी की सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के टॉप्स,सोने की अंगूठी और 7 हजार रुपए नकद नहीं मिले. परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन चोरी गया सामान नहीं मिला. इसके बाद पुलिस को सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर चोरी की वारदात की जांच शुरू कर दी है. पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की जानकारी जुटाने के साथ चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है.

## विद्युत पोल की तान में फैला करंट, भैंस की मौत

**शाजापुर, 6 सितंबर.** ग्राम जावदी में एक पोल से लगी तान में अचानक करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई. गनीमत रही कि कोई व्यक्ति करंट की चपेट में नहीं आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. जब ग्राम जावदी निवासी राजपाल सिंह के पिता अपनी भैंस को घर से खेत की ओर ले जा रहे थे. तभी घर के बाहर बिजली के खंभे से लगी तान में करंट फैल गया.राजपाल सिंह के पिता ने भैंस को करंट की चपेट से दूर किया और उसे उपचार देने का प्रयास किया लेकिन उसके पहले ही भैंस के प्राण पखेरू उड़ गए थे, ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद बिजली विभाग को फोन कर सूचना देने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया.

**एक नजर** ▸ एनएसएस एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए किया सम्मानित

# लक्ष्मी पुष्पद को मिला फूलमाली समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान



**शाजापुर, 6 सितंबर. फूलमाली समाज मंदिर ट्रस्ट भोपाल क्षेत्र द्वारा रविवार को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें फूलमाली समाज ग्राम करजू की बेटी लक्ष्मी पुष्पद को एनएसएस एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया.**

फूलमाली समाज भोपाल क्षेत्र अध्यक्ष हरिनारायण माली ने लक्ष्मी को श्रीफलए शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी ने एनएसएस के माध्यम से पिछले गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर विशेष अतिथि स्वयंसेवक के रूप में अपने पिता के साथ शामिल होकर समाज का गौरव बढ़ाया था. लक्ष्मी मध्यप्रदेश से एनएसएस के लिए चयनित चार विद्यार्थियों में शामिल रही. उन्होंने शाजापुर जिले की प्रथम तथा उज्जैन संभाग की प्रथम छात्रा के रूप में एनएसएस विशेष अतिथि स्वयंसेवक बनने का गौरव हासिल किया. इसके साथ ही उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन से बीएससी स्नातक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की. फूलमाली समाज ने लक्ष्मी की प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन, सेवा भावना एवं उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान प्रदान किया. ग्रामीण परिवेश से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचीं ग्राम करजू की यह प्रतिभाशाली बेटी ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी है. उनकी उपलब्धियां युवाओं को शिक्षाए सेवा और राष्ट्रहित के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही है. लक्ष्मी ने एनएसएस में भी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं. उन्हें शाजापुर जिले की प्रथम एनएसएस परेड प्लाटून कमांडर एवं एनएसएस वरिष्ठ अंडर ऑफिसर बनने तथा प्रथम एनएसएस साहसिक शिविर में सहभागी होने का गौरव प्राप्त है. लक्ष्मी पुष्पद ने सम्मान के लिए फूलमाली समाज के प्रति आभार व्यक्त किया है.